केंद्रीय विद्यालय क्रमांक ३,एलनबाई लाइन्स अम्बाला छावनी,
KENDRIYA VIDYALAYA No. 3, ALLENBY LINES,
AMBALA CANTT
हरियाणा- १३३००१/ Haryana -133001
दूरभाष/Phone-0171-2610730, 2970810
केवी कोड :1292 सीबीएसई संबद्धता संख्या :500010सीबीएसई स्कूलसंख्या :44526
KV Code: 1292 CBSE Affiliation No. :500010 CBSE School No.: 44526
वेबसाइट :https://no3ambalacantt.kvs.ac.in ईमेल :kv3ambalacantt@gmail.com
Website: https://no3ambalacantt.kvs.ac.in e-mail: kv3ambalacantt@gmail.com

Azadi Ka Amrit Mahotsav

फा.□□□ /के.वि-3/अम्बाला छावनी/2025-26/ दिनांक: 18.03.2025

## विद्यालय में वाटर कूलर एवं AC की सर्विस के लिए निविदा के नियम एवं शर्तें

1- सलंग्न विवरण में उल्लिखित सेवाओं एवं वस्तुओं की आपूर्ति के लिए मोहरबंद दरें केंद्रीय विद्यालय सं. 3 अम्बाला छावनी की ओर से **दिनांक 06.04.2025 तक आमंत्रित की जाती है** | दरें किसी मोहरबंद मजबूत लिफाफे में केवल स्पीड पोस्ट एवं रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से ही भेजी जाए और लिफाफे पर यह स्पष्ट रूप से लिखा हो "**विद्यालय में वाटर कूलर एवं AC की सर्विस के लिए दरें**", निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में **दिनांक 07.04.2025 को 11:00 बजे खोली जाएगी |**

2- दरें पैराग्राफ 3 से 20 में निर्दिष्ट शर्तो एवम निबंधो के अनुसार प्रस्तुत की जाए | जब तक दरों में अन्यथा निर्दिष्ट न हो यह मान लिया जाएगा कि इसके अधीन बताई गई शर्तें एवम नियम आपको मान्य है |

3- दरें रेल पर्यन्त निशुल्क हो तथा सभी उत्पादन शुल्क, भाडा-प्रभार कोई अन्य कर, दरें अथवा पूर्ति के सम्बन्ध में लगने योग्य अधिरोपण शामिल हो | GST यदि वस्तु एवं सेवाओं पर लागू हो तो उसे अलग से उल्लेखित किया जाए | केंद्रीय विद्यालय ऐसे किसी भी कर भाड़े आदि का देनदार नहीं होगा जिसका उल्लेख निविदा स्वीकार करने के समय दरों में स्पष्ट रूप से न किया गया हो |

4- निविदा में कहीं लिखे हुए के उपर न लिखा जाए या संसोधन न किया जाए | यदि किसी आकड़ें में संसोधन किया जाना हो तो उसे सफाई से काट दिया जाए, संशोधित आकड़ें उपर लिख दिए जाए और पूरे हस्ताक्षर किए जाये , हस्ताक्षर न होने पर निविदा को अस्वीकृत किया जा सकता है |

5- अधोहस्ताक्षरी इस बात के लिए आबद्ध नहीं है कि वह निम्नतम दर ही स्वीकार करे और उसका यह अधिकार है कि वह दर को मूल पूर्णत: या अंशत: अर्थात सलंग्न विवरण में उल्लिखित सभी वस्तुओं के लिए या सलंग्न विवरण में निर्दिष्ट किसी एक या एक से अधिक वस्तुओं के लिए जैसा भी वह निर्णय लें, स्वीकार करें |

6- दर स्वीकार कर लिए जाने पर यह सविंदा हो जाएगी और सविंदाकार उस दर की शर्तो और निबंधो द्वारा आबद्ध होगा |

7- जिस/जिन व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा निविदा भरी जाएगी और **जिन सविंदाकारों की दरें अनुमोदित होंगी उनके द्वारा Rs. 2000 की निष्पादन सुरक्षा** (Performance Security) **की राशि विद्यालय में जमा करवाना होगा** यदि सविंदाकार उपरोक्त राशि जमा नहीं करवाता है तो उस स्थिति में उनकी निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा |

8- यदि सविंदाकार अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्राप्त स्वीकृती में बताये गये समय के अंदर वस्तुओं को सप्लाई नहीं कर पाता, तो अधोहस्ताक्षरी को यह स्वतंत्रता होगी कि वह बाजार से वस्तुओं को खरीद ले तथा कीमत में यदि कोई अंतर होगा तो पेशगी राशि/प्रतिभूति जमा में से उसकी कटौती की जाएगी और अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति जमा से अधिक किसी राशि का भुगतान किया तो सविदाकर उस राशि का देनदार होगा |

पृष्ठ /2 पर जारी

...य क्रमांक 3
अम्बाला छावनी
हरियाणा–133001

9- सलंग्न विवरण में बताई गई वस्तुओं की मात्रा बिना कोई कारण बताये अधोहस्ताक्षरी के विवेकानुसार बढाई या घटाई जा सकती है |

10- दरें स्वीकार करने से पहले अधोहस्ताक्षरी को नमूना मांगने या वस्तुएं देखने की मांग करने का अधिकार है और सविंदाकार नि:शुल्क नमूने भेजने या वस्तुएं दिखाने के लिए जिम्मेदार होगा |

11- दरें स्वीकार कर लिए जाने और क्रय आर्डर दिए जाने की स्थिति में वस्तुओं की सप्लाई अधिकतम 15 दिनों के अन्दर करनी होगी | अधोहस्ताक्षरी या उसका कोई प्रतिनिधि आर्डर वस्तुओं की जाँच करेगा तथा यदि सप्लाई अनुसार नहीं होगी तो उन वस्तुओं को अस्वीकृत कर दिया जाएगा |

12- सविंदाकार द्वारा निवेदित दरें निविदा अनुमोदित होने के उपरांत एक वर्ष तक लागु रहेगी | सविंदा की निष्पादन अवधि के दौरान GST की दरें बढ़ने या घटने को छोडकर दरों में किसी भी प्रकार का संशोधन स्वीकार नहीं किया जाएगा |

13- निविदा में भाग लेने वाली फर्म के द्वारा निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करना आवश्यक है:-

(i) GST नंबर की प्रतिलिपि |
(ii) फर्म की रजिस्ट्रेशन से सम्बंधित सभी दस्तावेज |
(iii) पैन नंबर की प्रतिलिपि |
(v) अन्य कोई आवश्यक दस्तावेज |

14- विद्यालय माल की सप्लाई पूरी होने की तारीख से 06 महीने की अवधि के लिए प्रतिभूति राशि पूर्वामय के रूप में अपने पास सुरक्षित रखेगा ताकि सप्लाई की गई वस्तुओं में इस अवधि के अंदर यदि कोई खराबी देखने में आए तो उस राशि की वसूली की जा सके |

15- विद्यालय द्वारा मंगवाए जाने वाले सामान को विद्यालय तक सविंदाकार द्वारा पहुचाया जायेगा, इसके लिए अलग से कोई भाडा नहीं दिया जायेगा |

16- विद्यालय को माल पहुचाने तक यदि रास्ते में किसी भी प्रकार की कोई टूट-फुट या अन्य कोई क्षति पहुचती है तो इसकी जिम्मेवारी सविंदाकार की होगी |

17- केंद्रीय विद्यालय द्वारा कोई फार्म "घ" सप्लाई नहीं किया किया जाएगा |

18- फर्म जिस सप्लाई एवं सेवा के लिए निविदा भर रही है उसके लिए यह आवश्यक है कि वह फर्म GST के तहत उस सप्लाई एवं सेवा के लिए रजिस्टर्ड हों |

19- उपर्युक्त शर्तों एवम निबंधों का पालन न करने पर निविदा रदद् कर दी जाएगी |

20- सभी क़ानूनी विवादों पर अम्बाला के न्यायालयों का अधिकार क्षेत्र होगा |

मैंने निविदा से सम्बंधित सभी शर्तों को पढ लिया है और हमें मंजूर है |

प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 3
अम्बाला छावनी
हरियाणा–133001

**सविंदाकार के हस्ताक्षर एवं मोहर**

प्राचार्य
केंद्रीय विद्यालय सं.3 अम्बाला कैंट |

सलंग्न: वस्तुओं की सूची |

KENDRIYA VIDYALAYA NO.3, AMBALA CANTT

RATES FOR THE SERVICE OF AC AND WATER COOLER

| S.NO | DETAILS OF SERVICE WITHOUT MATERIAL | RATES ( Per items) (INCLUDED TAXES) |
|---|---|---|
| 01 | Window Air Conditioner | |
| 02 | Split Air Conditioner | |
| 03 | Water Cooler- Service and Cleaning of 40 Liter | |
| 04 | Water Cooler- Service and Cleaning of 80 Liter | |

प्राचार्य,
केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 3
अम्बाला छावनी
हरियाणा–133001

सविंदाकार के हस्ताक्षर एवं मोहर